उपनिरीक्षक अरुणेन्द्र प्रताप सिंह को मिला इंस्पेक्टर का स्टार, एसपी ने दी बधाई

महराजगंज आज। जिले के यातायात विभाग में तैनात उपनिरीक्षक अरुणेन्द्र प्रताप सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने उन्हें वर्दी पर रैंक स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने अरुणेन्द्र प्रताप सिंह को नई जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने तथा समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि पदोन्नति के बाद भी वह पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी यातायात भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उन्हें पदोन्नति पर शुभकामनाएं दीं।



❖ पदोन्नति पर पुलिस अधीक्षक ने बढ़ाया हौसला, नई जिम्मेदारी के लिए दीं शुभकामनाएं

रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुभारंभ, विद्यार्थियों को सिखाएंगे सेवा और अनुशासन के गुर

निचलौल (आज)। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला संस्था महराजगंज के तत्वावधान में गुरुवार को राजेंद्र प्रसाद तारा चंद महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य गोविंद शरण सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवाभाव, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक दायित्वों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में आत्मनिर्भरता, साहस और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्काउटिंग के सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन जिला संगठन आयुक्त शशांक गुप्ता और सहायक लीडर ट्रेनर उमेश गुप्ता ने किया। शिविर में उपप्राचार्य उपेंद्र गुप्ता, राजन आर्या, रोवर प्रभारी विनय मिश्र, मनीष कुमार, दुर्गावती, निगम और शांति यादव सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



मिशन शक्ति: संगम बनीं एक दिन की जिला पंचायत राज अधिकारी

महराजगंज (आज)। मिशन शक्ति 6.0 अभियान के तहत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, फरेंदा की दो छात्राओं को शुक्रवार को एक दिन के लिए प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई। कक्षा 11 की संगम जिला पंचायत राज अधिकारी और कक्षा आठ की साक्षी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनीं। संगम ने नौतनवा ब्लॉक के नरकटहा गांव के प्राथमिक विद्यालय में टाइलीकरण नहीं होने और जलजमाव की समस्या पर ग्राम सचिव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित आवेदन के निस्तारण को भी कहा।वहीं, साक्षी ने प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर के सहायक अध्यापक की मानव संपदा पोर्टल पर विवरण सक्रिय कराने की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।अधिकारियों ने छात्राओं को विभागीय कार्यप्रणाली और प्रशासनिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में निर्णय क्षमता, स्वावलंबन और जनसेवा की भावना विकसित करना है।



❖ साक्षी ने संभाला बीएसए का दायित्व

ब्यूटी पार्लर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

श्यामदेउरवा।श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल चौराहे पर आकांक्षा साड़ी सेंटर एवं ब्यूटी पार्लर में गुरुवार रात करीब 12 बजे आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। समाचार लिखे जाने तक आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है। दुकान मालिक को रात 12 बजे किसी ने फोन पर आग लगने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परतावल पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड टीम पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग से साड़ी, ब्यूटी पार्लर का सामान और दूसरी चीजें जलकर राख हो गईं। इससे दुकान मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।इस सम्बंध में परतावल चौकी प्रभारी अनीश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने में मदद की। इस मामले में तहरीर प्राप्त हुई है, जांच की जा रही है।



गैर इरादतन हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार एक बाल अपचारी हिरासत में

श्यामदेउरवा। (आज) पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्यामदेउरवा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। दिनांक 16.10.2026 को थाना श्यामदेउरवा की पुलिस टीम ने ग्राम श्यामदेउरवा स्थित खेल मैदान (स्टेडियम) के पास से कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्टील की रॉड भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जय किशन (24 वर्ष), अमित (24 वर्ष), राज (19 वर्ष) और विजयपाल (28 वर्ष) निवासी ग्राम श्यामदेउरवा के रूप में हुई है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का प्रशासन ने किया निरीक्षण

झुलनीपुर (आज)। नारायणी गंडक नदी की शाखा स्थित तेरे चार पुल (13/4 पुल) पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसडीएम अवनीश त्रिपाठी और सीओ रविंद्र कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और आवागमन के रास्तों को व्यवस्थित रखने पर जोर दिया। साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा।नदी में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए नाविकों और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीओ ने कहा कि विसर्जन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से सभी तैयारियां समय से पूरी करने और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए।



❖ नाविक और गोताखोर रहेंगे तैनात

बोलेरो की चपेट में आने से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत

झुलनीपुर। थाना क्षेत्र के बरोहिया ढाला के पास बृहस्पतिवार रात में बोलेरो की चपेट में आने से एक साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। उसके बाद पुलिस की मदद से घायल व्यक्ति को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों की टीम ने घायल व्यक्ति की प्राथमिक इलाज के दौरान मृत्यु घोषित कर दिया। व्यक्ति की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गई। थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के तत्काल बाद पुलिस टीम पहुंची थी। इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गई है। मृत्यु व्यक्ति की पहचान चांद अली (60) पुत्र रमजान निवासी भगवानपुर भूलना थाना चौक के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला की मृत्यु चांद अली साइकिल सवार होकर अपने घर के लिए लौट रहे थे। इसी बीच बोलेरो ने उनकी साइकिल को चपेट में ले लिया। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है फिल हाल मौके पर शांत व्यवस्था कायम है।

एनसीसी कैडेट्स ने सीखा सैन्य प्रशिक्षण और प्राथमिक उपचार का तरीका

सिसवा बाजार। परमहंस पाल पीजी कॉलेज, गुरली में 102 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित सीएटीसी-169 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन शुक्रवार को कैडेट्स ने सैन्य प्रशिक्षण, बाधा प्रशिक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्राप्त की।दिन की शुरुआत ड्रिल प्रतियोगिता से हुई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन, एकाग्रता और सामूहिक तालमेल का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण सत्र में उन्हें सशस्त्र बलों के संगठन, सैन्य रैंक, बैज और जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। भारतीय सेना के युद्ध नायकों और ऐतिहासिक युद्धों पर आयोजित सत्र में सैनिकों के साहस, बलिदान और देशसेवा के महत्व से परिचित कराया गया।बाधा प्रशिक्षण के जरिए शारीरिक क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करने पर जोर दिया गया। वहीं, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सत्र में सीपीआर और प्राथमिक जीवन रक्षक प्रक्रियाओं का प्रदर्शन कर आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता करने के तरीके बताए गए। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से टीम भावना को बढ़ावा मिला।शिविर में सूबेदार सुमेर सिंह, जेसीओ गुरनाम सिंह, सूबेदार आजाद खालिद, नायब सूबेदार अंगज कुमार, जीसीआई सुषमा मिश्रा, अंशिका सिंह सहित अन्य सैन्य प्रशिक्षक कैडेट्स को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

अवैध संबंध के विरोध पर पति को पीटा, बच्चों संग प्रेमी के साथ गई पत्नी

सिसवा मुंशी। महराजगंज के भिटौली थाना क्षेत्र के एक गांव में पति-पत्नी के विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने पत्नी पर लाठी से हमला कर घायल करने और बच्चों को लेकर कथित प्रेमी के साथ चले जाने का आरोप लगाया है।पीड़ित के अनुसार, 12 अक्टूबर को वह पत्नी से गांव के ही एक युवक के साथ कथित संबंधों को लेकर पूछताछ कर रहा था। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए उसके पैर पर लाठी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने कथित प्रेमी और उसके परिजनों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है।प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पत्नी, उसके कथित प्रेमी और उसके माता-पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेलभरिया बना ओवरआल चैंपियन

सिसवा बाजार। स्थानीय महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कालेज के मैदान में खेले गए दो दिवसीय परिषदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेलभरिया न्याय पंचायत बना चैंपियन, दूसरा स्थान मधवलिया को मिला।प्रतियोगिता में बरवा द्वारिका, बेलभरियां, बड़हरा महंथ, बीजापार, गोपाला, हरखपूरा, करमही, मधवलिया और पकड़ी चौबे न्याय पंचायतो के बीच चले प्रतियोगिता में बेलभरिया न्याय पंचायत ने 200 अंक प्राप्त कर ओवर आल चैंपियन बना जबकि मधवलिया न्याय पंचायत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आनंद मिश्रा ने विजेताओं को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जायसवाल सरस ने किया।इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा एवं नंदू गुप्ता, अरुण सिंह, बैजनाथ प्रजापति, पंकज सिंह, अश्वनी दुबे, अमित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अख्तर अली, रतन पांडेय, मोनू सिंह, सूर्यनारायण सिंह, संजय कुमार, होशिला चौरसिया, संदीप कुशवाहा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर सफल हुए घुघली क्षेत्र के दो होनहार

पुरैना, महराजगंज।घुघली क्षेत्र घघरूआ खण्डेसर निवासी अनिकेत सिंह पुत्र अजय सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में कांस्टेबल पद के लिए चयनित हुए हैं। उन्होंने कांस्टेबल भर्ती में प्रदेश में 38 वां रैंक हासिल किया है। शुरू से मेधावी छात्र रहे अनिकेत अपने प्रथम प्रयास में ही कांस्टेबल पद के लिए सफल हुए हैं।इसी तरह क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी आयुष सिंह पुत्र पंकज सिंह ने पुलिस भर्ती में कांस्टेबल पद के लिए चयनित हुए हैं। बचिया से मेधावी छात्र रहे आयुष सिंह महज 19 वर्ष की आयु में कांस्टेबल पद के सफलता प्राप्त किया है।

पूर्व छात्र शुभम शर्मा को मिली एमबीबीएस की उपाधि

सिसवा मुंशी। सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर आदर्श शिक्षा सेवा संस्थान की पूर्व छात्र शुभम शर्मा सन ऑफ अजीत शर्मा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर से बैचलर ऑफ मेडिसिन एवं बैचलर ऑफ सर्जरी एम.बी.बी.एस की उपाधि प्राप्त की विद्यालय की तरफ से उनको उज्जवल भविष्य की कामना कीइस अवसर पर प्रबंधक उमाकांत चौधरी प्रधानाचार्य रामनारायण चौधरी उप प्रधानाचार्य वली मोहम्मद, संजय वर्मा सुजीत शर्मा, अब्दुल वहाब गगन चौधरीशंभू गुप्ता, सूरज चौधरी, इस्तियाक अहमद, बृजमोहन चौधरीशिवम, चौधरीनीरज, निधि,परवीन आदि लोगों ने उन्हें बधाई दी

ब्यूटी पार्लर एंड ट्रेनिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन

श्यामदेउरवा। (आज) नगर पंचायत परतावल के आजाद नगर रामपुर मोड़ पर मां दुर्गा प्रोफेशनल मेकअप ब्यूटी पार्लर एंड ट्रेनिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सदस्य जिला पंचायत प्रवीण कृष्ण त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। यह प्रतिष्ठान धनगड़ा निवासी दुखरन सिंह की बिटिया का है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कृष्ण त्रिपाठी ने प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर को शुभकामनाएं दीं और कहा कि मां भगवती की कृपा सदैव प्रतिष्ठान पर बनी रहे। कार्यक्रम में अनिल मिश्रा, कौशल मिश्रा, रवि मिश्रा, मंजेश शुक्ला, दुर्गा दत्त यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अशर्फी लाल ने आजादी की लड़ाई में निभाई सक्रिय भूमिका

पुरैना (आज)। घुघली क्षेत्र के बेलवां टीकर गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय अशर्फी लाल श्रीवास्तव की स्मृति में समारोह आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद किया।मुख्य अतिथि जनार्दन प्रसाद गुप्त ने कहा कि अशर्फी लाल महराजगंज में महात्मा गांधी का भाषण सुनकर देशप्रेम से प्रेरित हुए और स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिए बस्ती चले गए। उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली और बाद में जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेंद्र देव तथा डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों से प्रभावित होकर समाजवादी आंदोलन से जुड़े। उन्होंने पंडित राजाराम शर्मा के साथ 'विजय' अखबार भी निकाला तथा प्रो. सिब्बन लाल सक्सेना के आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई।अशर्फी लाल ने अपने जीवन के अनुभव 'संस्मरण' पुस्तिका में दर्ज किए। समारोह में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका संचालन राम उजागर ने किया। कवि एस कुमार, प्रदीप कुमार और अविनाश श्रीवास्तव ने काव्यपाठ किया। संयोजक संतोष कुमार श्रीवास्तव और सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।



महाराजा थीम पर बना दुर्गा पंडाल आकर्षण का केंद्र

सिसवा मुंशी।सिसवा मुंशी चौराहे पर महाराजा थीम पर बना दुर्गा पूजा पंडाल लोगों का आकर्षण केंद्र बन गया है। श्री श्री दुर्गा पूजा नवयुवक सेवा समिति ने पंडाल को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया है। यहां भव्य मेले का आयोजन होगा, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है।पंडाल में मां दुर्गा की 17 फीट ऊंची और 22 फीट चौड़ी प्रतिमा स्थापित है। इसके दोनों किनारों पर 10-10 फीट की मूर्तियां भी लगाई गई हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचेंगे।समिति के अध्यक्ष सुनील प्रजापति और पंडाल संयोजक अभिषेक चौधरी हैं। संदीप चौधरी, अरविंद चौधरी, विशेष गुप्ता, कालू चौधरी, सुनील और अजय सहित कई युवा कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं। सिसवा मुंशी चौकी प्रभारी रूपेश पाल ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की है।

मिशन शक्ति: पारिवारिक विवादों के सफल निस्तारण पर परिजन सम्मानित

महराजगंज (आज)। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत शुक्रवार को मिशन शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पूर्व में सफलतापूर्वक निस्तारित किए गए पारिवारिक मामलों से जुड़े अभिभावकों और परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर महराजगंज की उपस्थिति में पारिवारिक विवादों के सुखद समाधान में सकारात्मक भूमिका निभाने वाले परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान केंद्र पर मौजूद महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों की जानकारी ली गई तथा फीडबैक प्राप्त किया गया।पुलिस प्रशासन ने मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पारिवारिक मामलों के समाधान और महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




निःशुल्क पशु चिकित्सा सेवा का आयोजन

झुलनीपुर निचलौल (आज) नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत एसएसबी ने ग्राम धमऊर में 216 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया।तथा पशुपालकों को आवश्यक दवा का वितरण किया गया। सशस्त्र सीमा बल गोरखपुर के डॉक्टर चंदन तालुकदार द्वारा पशुओं का उपचार के बाद दवा का वितरण किया। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण पशु पालकों को पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा पशुओं के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना, ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

आनंदनगर (आज)। फरेंदा की पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय मंजू सिंह की सातवीं पुण्यतिथि शुक्रवार को आदर्श नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर सात स्थित औद्योगिक नगर आवास पर मनाई गई। इस दौरान परिजनों, शुभचिंतकों और गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में उनके पति रामप्रकाश सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पत्नी की यादों को स्मरण करते हुए वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मंजू सिंह ने जनता के हित में अनेक कार्य किए थे। आज भी उनकी कमी महसूस होती है।इस अवसर पर आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-पाठ और हवन कराया। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और जनसेवा से जुड़ी यादें साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में रामप्रकाश सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार विशुन देव त्रिपाठी, देवीशरण दूबे, स्टैडली और वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सपना सहानी बनीं एक दिन की प्रधानाचार्या, संभाली विद्यालय की जिम्मेदारी

आनंदनगर (आज)। बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को फरेंदा क्षेत्र के चंदनपुर स्थित दिव्य ज्योति नेशनल एकेडमी में मिशन शक्ति 6.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा आठ की छात्रा सपना सहानी को एक दिन के लिए प्रधानाचार्या बनाया गया।

प्रधानाचार्या की जिम्मेदारी संभालते हुए सपना ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और अनुशासन का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालय की व्यवस्थाओं को समझा और आवश्यक रजिस्टरों का अवलोकन किया।

विद्यालय प्रबंधक एवं पूर्व प्रधान चंद्रशेखर चौधरी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नारी सम्मान, आत्मविश्वास और सशक्त नेतृत्व ही मजबूत भारत की नींव है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को बालिकाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



मां दुर्गा के नौ रूपों की जीवंत झांकी में दिखीं छात्राएं

आनंदनगर (आज)। फरेंदा क्षेत्र के भैया फरेंदा स्थित चंद्रा चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आकर्षक जीवंत झांकियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

पारंपरिक वेशभूषा में सजी छात्राओं ने शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का रूप धारण किया। बाल कलाकारों ने देवी के विभिन्न स्वरूपों की महिमा और उनसे मिलने वाली सीख के बारे में भी बताया।विद्यालय प्रबंधक सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उनमें ईश्वर के प्रति आस्था मजबूत होती है। प्रधानाचार्य श्रवण श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी मौजूद रहे।



आरके सनशाइन एकेडमी में रामायण पर आधारित नाटक का मंचन, ब्लू हाउस रहा प्रथम

महराजगंज (आज)। नगर के आजाद नगर स्थित आरके सनशाइन एकेडमी में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर हाउसवार नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर रामायण के प्रसंगों का मंचन किया। प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने प्रथम और रेड हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर विवेक कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लू, रेड, ग्रीन और येलो हाउस के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। ब्लू हाउस के आर्यन विश्वकर्मा ने हनुमान की भूमिका निभाई, जबकि ग्रीन हाउस की नंदिनी पांडेय ने सीता का किरदार निभाया। मृगांग शेखर पांडेय ने भी हनुमान की भूमिका का प्रभावशाली मंचन किया। बेहतर प्रस्तुति और आकर्षक वेशभूषा के लिए ब्लू हाउस को प्रथम पुरस्कार मिला। विजेता विद्यार्थियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व शक्ति की उपासना और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

